हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 29 सितंबर 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 बुजुर्ग हमारे अतीत की जड़ें और भविष्य की नींव हैं उनके अनुभव...



07 समाधान शिविरः 9 हजारों शिक्षकों में से महज 54 ने रखी अपनी...



खबर संक्षेप



महिलाओं को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को वार्ड क्रमांक 10 के रानी मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं और नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष हर्ष ताम्रकार रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इनकी भूमिका समाज के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री संजय मिश्रा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता राठौर, प्रीति राठौर, ज्योति राठौर, शबाना, सहायिका मीना, लक्ष्मी कैथवास, पुष्पा सोनी, पूनम रजक एवं आशा कार्यकर्ता लता मालवीय सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

जमोनिया तालाब लबालब होने से सीहोर को मिलेगी पेयजल संकट से राहत

मानसून की विदाई बेला: मई-जून जैसी तपिश जारी जाते-जाते एक बार फिर तरबतर कर सकते हैं बदरा

इस बार बारिश में सीहोर अव्वल तो जावर रहा फिसड्डी, बुधनी-रेहटी भी पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव ने आमजन को हैरान कर दिया है। मानसून की विदाई वेला के बीच अब जिले में अप्रैल-मई और जून जैसी गर्मी और तपिश का अहसास होने लगा है। तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे लोग उमस और तपन से परेशान हैं। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि मध्य प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह विदा हो जाएगा, लेकिन विदाई से ठीक पहले मानसून एक बार फिर जिले को तरबतर कर सकता है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार जिले से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की प्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 4 दिनों तक जिले में किसी भी तरह की अति भारी या भारी बारिश होने का अनुमान नहीं है। मौसम शुष्क रहने के साथ-साथ तेज धूप खिली रहेगी। हालांकि स्थानीय मानसूनी तंत्र के कारण विदाई से पहले हल्की से मध्यम बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

जमोनिया तालाब 28 फीट पर पहुंचा

इस बार मानसून जिला मुख्यालय पर अच्छा-खासा मेहरबान रहा। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सीहोर शहर में अच्छी बारिश दर्ज की गई है, जिससे शहर के आसपास मौजूद



प्रमुख जलस्रोत लबालब हो चुके हैं। शहर से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित और पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्रोत जमोनिया तालाब पानी से पूरी तरह लबालब हो गया है। जमोनिया तालाब में तेजी से पानी की आवक होने से इसका जलस्तर 28 फीट तक पहुंच चुका है। तालाब एक बार छलकर ओवरफ्लो भी हो चुका है। बता दें जमोनिया तालाब का इस स्तर तक भरना शहर में पेयजल आपूर्ति के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इससे आने वाले गर्मी के दिनों में शहर के पेयजल संकट की आशंका काफी हद तक खत्म हो गई है।

बारिश के आंकड़ों में सीहोर नंबर-1, जावर सबसे पीछे

आमतौर पर हर साल जिले के बुधनी और रेहटी क्षेत्र बारिश के मामले में नंबर-1 और नंबर-2 की पोजीशन पर रहते थे। लेकिन इस बार का मानसून का पैटर्न बदला हुआ नजर आया और बुधनी-रेहटी इस दौड़ में पिछड़ गए। इस मानसून सत्र 1 जून से 28 सितंबर तक में सीहोर तहसील 42.81 इंच बारिश के साथ जिले में सबसे ऊपर रही, जबकि जावर मात्र 25.31 इंच बारिश के साथ सबसे फिसड्डी साबित हुआ।

औसत से कम रही कुल बारिश

वर्तमान मानसून सत्र में 28 सितंबर तक जिले की कुल औसत वर्षा 34.08 इंच दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि तक जिले में औसतन 41.43 इंच बारिश हो चुकी थी। यानी कुल मिलाकर इस वर्ष जिले का औसत आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में लगभग 7.35 इंच कम रहा है।

जिले में बारिश की स्थिति

सीहोरः इस वर्ष 42.81 इंच बारिश दर्ज की गई, जो गत वर्ष इसी अवधि तक हुई 36.46 इंच की तुलना में काफी अधिक है।
भैरूंदाः 37.28 इंच बारिश के साथ दूसरे स्थान पर रहा, गत वर्ष 42.80 इंच।
रेहटीः 35.52 इंच वर्षा दर्ज की गई, गत वर्ष 50.73 इंच।
आष्टाः 35.28 इंच बारिश दर्ज हुई, गत वर्ष 34.13 इंच।
बुधनीः 32.76 इंच बारिश हुई, गत वर्ष 59.68 इंच।
इछावरः 31.97 इंच बारिश दर्ज की गई, गत वर्ष 36.11 इंच।
श्यामपुरः 31.70 इंच बारिश दर्ज की गई, गत वर्ष 36.97 इंच।
जावरः सबसे कम 25.31 इंच बारिश दर्ज हुई, गत वर्ष 31.34 इंच।

भव्य रूप से मनाया जाएगा नवरात्र उत्सव, होगी मां दुर्गा की स्थापना

मां दुर्गा उत्सव समिति की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

सीहोर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मां दुर्गा की स्थापना कर नवरात्र उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार शाम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक बीपी दुबे ने की।



बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत कर चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से मां दुर्गा उत्सव समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जी.एस. गुप्ता को, उपाध्यक्ष पद पर मनोज गुजराती को तथा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी स्वतंत्र पाठक एवं दीपक दुबे को सौंपी गई। अधिवक्ता मनोज सक्सेना को समिति का सचिव मनोनीत किया गया।

बैठक में नवरात्र के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य रूप से आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पांच दिवसीय गरबा महोत्सव एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता के विशेष आयोजन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रमों के संचालन के लिए सांस्कृतिक समिति का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा बनाए गए। समिति में अन्य सदस्यों को भी सर्वसम्मति से जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसके अलावा प्रसादी वितरण के लिए अलग से भंडारा समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन अरुण व्यास ने किया। अंत में वरिष्ठ साहित्यकार हरिओम शर्मा दाऊ ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से विवेक पराशर, नरेश माथुर, बीएल बकोरिया, जगदीश विश्वकर्मा, अरुण जगवानी, विशाल शर्मा, गौरव अग्निहोत्री, राजू बाबा, दीपक मोवर, लोकेश तिवारी, रामेश्वर नागर, नरेंद्र विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार द्विवेदी, पिंटू राय, सतीश मालवीय, भंवरलाल परमार, पंडित आकाश तिवारी, पंडित नरेंद्र तिवारी, पंडित पिंटू, सुरेंद्र यादव, मयंक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

प्राइवेट पीजी परीक्षा देने वाले छात्रों को 15 दिन कॉलेज जाना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिसंबर के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली पीजी परीक्षाओं में जो छात्र प्राइवेट एग्जाम देंगे, उनके लिए नए नियम लागू किए गए हैं। इन छात्रों को किसी भी कॉलेज से प्राइवेट फॉर्म भरने के बाद एग्जाम के अंतिम माह में 15 दिन संबंधित संस्थान में प्रैक्टिकल क्लास अटैंड करनी होगी।

यानी प्रैक्टिकल देने होंगे और इसी अवधि में टेस्ट भी देना होंगे। इन छात्रों के लिए भी 60-40 की एग्जाम स्कीम लागू होगी। 60 अंकों के थ्योरी तथा 40 अंकों के इंटरनल होंगे। बताते हैं कि जिले में हर साल करीब तीन हजार छात्र प्राइवेट परीक्षा देते हैं।

सीहोर जिले में 14 सरकारी और 23 प्राइवेट कॉलेज हैं। इनमें एमए, एमकॉम, एमएससी और एमएसडब्ल्यू में मिलाकर करीब 15 हजार नियमित, प्राइवेट छात्र परीक्षा देते हैं। नई शिक्षा नीति के तहत हुए बदलाव के बाद अब एग्जाम स्कीम सभी के लिए एक जैसी रहेगी।

प्राइवेट छात्रों को इस बार उस कॉलेज में प्रैक्टिकल देना होंगे, जहां से वे एग्जाम फॉर्म जमा करेंगे। बता दें कि नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा विभाग ने जो भी बदलाव किए हैं, वे सभी छात्र हित में और व्यावहारिक हैं। इसका फायदा उन छात्रों को भी मिल रहा है, जो नियमित क्लास अटेंड नहीं कर सकते। वे अब प्राइवेट छात्र के तौर पर अपनी पढ़ाई ज्यादा आसानी से पूरी कर पाएंगे।

पीजी में सिर्फ 4 थ्योरी पेपर, परीक्षा पास करना आसान हुआः पीजी में उच्च शिक्षा विभाग में परीक्षा स्कीम में पिछले साल एक बड़ा बदलाव किया था। उसके तहत गैर जरूरी थ्योरी पेपर हटा दिए गए थे। बार भी वही स्कीम रहेगी। उसके तहत सिर्फ 4 पेपर होंगे। शिक्षाविद डॉ. एसएल गर्ग कहते हैं, सबसे अहम बात यह है कि 60-40 की एग्जाम स्कीम से छात्रों की परीक्षा पास करने की यह आसान होगी। इससे जो छात्र भविष्य में पीएचडी, नेट या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में जाना चाहते हैं, उनके लिए पीजी में अच्छा स्कोर करने में आसानी रहेगी।

भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश के जीवन से हमें धर्म, संस्कार, साहस और कर्तव्य का संदेश मिलता है : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

भगवान लव-कुश जन्मोत्सव पर कुशवाह समाज ने निकाला चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को कुशवाह समाज के आराध्य देव भगवान लव-कुश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कुशवाह समाज द्वारा भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से चल समारोह निकाला गया। चल समारोह सुबह 11 बजे शुरू हुआ जो इंग्लिशपुरा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, मेन रोड, लीसा टॉकीज, तहसील चौराहा होते हुए दुर्गा मंदिर पर पहुंचा और सुंदर गार्डन में भगवान लव-कुश की पूजा-अर्चना के साथ समापन हुआ।

मार्ग में कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। विधायक सुदेश राय, भाजपा नेता सनी महाजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार ने भी चल समारोह का स्वागत किया। समारोह में घोड़े पर सवार ध्वजवाहक सबसे आगे, पीछे भगवान लव-कुश की झांकी, कुशवाह समाज के अखाड़े करतब दिखाते हुए, डीजे की धुन पर युवाओं और महिलाओं द्वारा भजनों पर नृत्य करते हुए बड़ी संख्या में समाजजन जयकारे लगाते चल रहे थे। आयोजन अध्यक्ष बलराम पटेल, प्रभारी संतोष कुशवाहा पूर्व पार्षद, संयोजक जगदीश कुशवाहा, सानंद कुशवाह, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, उपाध्यक्ष अर्जुन कुशवाहा सहित आशीष, मनोहर, कमलेश, जितेंद्र, छोटू, मुकेश, दीपक, देवेश, रोहित, विनोद, लकी, लखन पटेल, रामभरोस कुशवाहा सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

कनिष्ठ सौंदर्य प्रशिक्षक प्रशिक्षण का लिया जायजा

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मामा कोचिंग सेंटर में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर द्वारा संचालित कनिष्ठ सौंदर्य प्रशिक्षक के निःशुल्क बाह्य केंद्र कौशल प्रशिक्षण का केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया और प्रशिक्षण में सीखे जा रहे कौशल, उससे मिलने वाले लाभ तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार को लेकर उनकी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से प्राप्त कर अपने कौशल का उपयोग आत्मनिर्भर बनने के लिए करने के लिए प्रेरित किया।

चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोडऩे में कौशल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका



निभाता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भी संबंधित विभागों के माध्यम से उनका निरंतर संपर्क एवं प्रगति की जानकारी ली जाएगी। स्वयं का रोजगार शुरू करने के इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों को ऋण की आवश्यकता होने पर आवश्यक प्रक्रिया में सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं रोजगार की तलाश कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसरों से जोडऩे के लिए भी विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भेरूंदा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर के माध्यम से संचालित यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके ही क्षेत्र में रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान प्रशिक्षण समूह के बाद भी आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप भेरूंदा में अन्य रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ सकें।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भेरूंदा मारुति शिशिर सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एवं नेतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर के निदेशक अमित गुप्ता, प्रशिक्षक विवेक दिलवरिया, प्रशिक्षक धर्मेंद्र सवासिया, संस्थान की पूरी टीम तथा आजीविका मिशन से शशांक शर्मा, जिला मिशन प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, हरिनारायण मालवीय एवं रीता अहिरवार सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। मामा कोचिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में उत्साह देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री चौहान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी लेने से उन्हें अपने कौशल को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन मिला।

भैरूंदा सिविल अस्पताल परिसर में युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

सीहोर। नगर के सिविल अस्पताल भैरूंदा परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब अस्पताल प्रांगण में बने टीन शेड के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने की खबर सामने आई। अस्पताल प्रांगण में शव मिलने से पूरे अस्पताल में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा तुरंत स्थानीय थाना भैरूंदा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही भैरूंदा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जब उसकी शिनाख्त की, तो मृतक की पहचान धीरज (उम्र करीब 26 वर्ष), पिता कैलाश मांझी के रूप में हुई। वह वर्तमान में राधेश्याम कॉलोनी, वार्ड नंबर 15 का निवासी था। पुलिस ने तुरंत मृतक के परिजनों को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार में शौक की लहर मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात को धीरज को सिविल अस्पताल के टीन शेड के आसपास देखा गया था। उस समय किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि सुबह उसकी लाश मिलेगी। सोमवार सुबह जब लोग वहां से गुजरे, तो युवक मृत हालत में पाकर पुलिस को सूचित किया गया। थाना भैरूंदा पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर सिविल अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले को संदिग्ध मानते हुए हर एंगल से अपनी बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप



आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा जब्त की

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी विभाग की टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए 12 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई के दौरान 31 पाव देशी मदिरा, 80 लीटर कच्ची मदिरा तथा 740 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 92 हजार 290 रुपये है। वृत्त आष्टा, बुदनी एवं सीहोर में आबकारी टीमों द्वारा ग्रामों में दबिश देकर अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया गया। सभी प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक तथा आबकारी बल का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सीहोर ग्रीन ने सीहोर बाइज को 2-1 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार की शाम को रोमांचक मैच में सीहोर ग्रीन ने सीहोर बाइज को 2-1 से हराया। इस मैच में सीहोर ग्रीन की ओर से राज ने लगातार 2 गोल किए। मैच के अंत में एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार की शाम को सीहोर ग्रीन और सीहोर बाइज के मध्य रोमांचक मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर बाइज की टीम की ओर से वरुण ने 1 गोल किया था, सीहोर ग्रीन की टीम की ओर से अंतिम समय में राज ने लगातार 2 गोल कर अपनी टीम को 2-1 से विजय दिलाई।

सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद में आज होगा मिट्टी से थाली तक कार्यक्रम

बुजुर्ग हमारे अतीत की जड़ें और भविष्य की नींव हैं उनके अनुभव जीवन की अमूल्य धरोहर:पं. त्रिवेदी

बच्चों ने बुजुर्गों के जीवन अनुभवों को सुना, वहीं बुजुर्गों ने भी बच्चों के साथ खेलते हुए अपनेपन और खुशी का अनुभव किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुजुर्गों का साथ हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल दौड़ का नाम नहीं, बल्कि अनुभवों का लंबा सफर है। वे हमें धैर्य रखना, रिश्तों को निभाना और छोटी-छोटी खुशियों में जीवन का सुकून तलाशना सिखाते हैं। उनकी मौजूदगी घर को घर बनाती है और उनके अनुभव जीवन को सही दिशा देते हैं। हमें बुजुर्गों के साथ समय बिताना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए और उनके अनुभवों से सीखना चाहिए। क्योंकि जिस दिन हम उनके अनुभवों का महत्व समझ जाएंगे, उसी दिन जीवन को सही मायनों में जीना सीख जाएंगे। बुजुर्ग हमारे अतीत की जड़ें हैं और हमारे भविष्य की नींव भी। उक्त विचार उज्जैन स्थित प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन त्रिवेदी ने सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा संकल्प वृद्धाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद अनुभव से भविष्य की ओर कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।



बुजुर्गों के साथ बच्चों ने खेला, सीखा और साझा किए अनुभव

सात दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन साथ खेलें, साथ सीखें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्गों और बच्चों के बीच आत्मीय संवाद के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने बुजुर्गों के साथ कैरम सहित अन्य खेलों में सहभागिता की।

इसके अलावा बच्चों ने कविता पाठ की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को जीवंत बनाया(इस अवसर पर पिपलेश्वर मंदिर समिति की ओर से ऋषिराज शर्मा, स्वर्णकार समाज की ओर से विपिन सोनी, पं. पवन व्यास, संस्कार मंच के सहायक प्रभारी धर्मेंद्र माहेश्वरी, सनातन सेना के आयुष गुप्ता तथा केन्द्र की ओर से अजय मीना, रीतेश माहेश्वरी, दीपक गौर सहित अन्य सदस्यों ने वृद्धाश्रम में निवासरत दो दर्जन से अधिक बुजुर्गों का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और बुजुर्गों के बीच संवाद का कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के बच्चे भी नियमित रूप से वृद्धाश्रम पहुंच रहे हैं। बच्चे बुजुर्गों के साथ संवाद कर उनके अनुभवों और जीवन संघर्षों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। इससे बच्चों को जीवन मूल्यों, संस्कारों और पारिवारिक रिश्तों की अहमियत समझने का अवसर मिल रहा है। केन्द्र के संचालक राहुल सिंह तथा श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा संकल्प वृद्धाश्रम केन्द्र द्वारा यह सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और युवाओं को एक मंच पर लाकर अनुभवों के आदान-प्रदान का प्रयास किया जा रहा है।

आज मिट्टी से थाली तक कार्यक्रम : सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद के तहत मंगलवार को मिट्टी से थाली तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में परंपरागत जीवनशैली, मिट्टी, खेती, भोजन और उससे जुड़े अनुभवों के माध्यम से नई पीढ़ी को हमारी पुरानी परंपराओं एवं जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दोपहर 12:30 बजे प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

विद्यालयों के बच्चे नियमित रूप से पहुंच रहे वृद्धाश्रम

वातावरण बना रहा। बच्चों ने बुजुर्गों के जीवन अनुभवों को सुना, वहीं बुजुर्गों ने भी बच्चों के साथ खेलते हुए अपनेपन और खुशी का अनुभव किया। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न पीढ़ियों के बीच दूरी कम कर आपसी सम्मान, संवाद और आत्मीयता को बढ़ावा देना रहा।

सत्संग से मन के विकार दूर होते हैं: पंडित सुनील पाराशर

इस अवसर पर पं. सुनील पाराशर ने कहा कि सत्संग से मन के विकार दूर होते हैं और अच्छे एवं पवित्र विचार जागृत होते हैं। मनुष्य जिस प्रकार के विचारों और संगति को अपनाता है, उसका प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि संसार के भौतिक सुखों का भोग करने वाला मनुष्य कई बार बंधन और दुख में उलझ जाता है, जबकि आत्मबोध की स्थिति को प्राप्त करने वाला व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानता है। उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार सूत वस्त्र में मौजूद होता है, लेकिन स्वयं वस्त्र नहीं होता और सोना आभूषण में होते हुए भी केवल आभूषण नहीं बन जाता, उसी प्रकार मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप और कर्म के अंतर को समझना चाहिए। पं. पाराशर ने कहा कि जब व्यक्ति किसी गुण को अपने भीतर स्वीकार करता है तो उसके साथ कर्तृत्व का भाव भी जुड़ जाता है। कर्तृत्व और भोक्तृत्व के बंधन से मुक्त होने के लिए आत्मचिंतन और सत्संग आवश्यक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अनुभव, संस्कार और जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

वॉटरप्रूफ डोम लगवाकर दिलाएंगे सभी बालिकाओं को अब गरबा प्रशिक्षण : विधायक सुदेश राय

बालिकाओं की अचनक बड़ी संख्या गरबा प्रैक्टिस हॉल पड़ गया बहुत छोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आवासीय खेलकूद मैदान में बना हॉल रविवार को छोटा पड़ गया। क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण में अचानक बालिकाओं की संख्या दो हजार को भी पार कर गई। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के द्वारा आयोजित महा गरबा प्रशिक्षण ने कंपटीशन शुरू होने से पहले ही इतिहास रच दिया। सैकड़ो बालिकाओं ने रविवार को बमुश्किल प्रैक्टिस की यही नहीं ट्रेनरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

समाजसेविका अरुणा राय ने विकट स्थिति को संभाला। आखिरकार विधायक सुदेश राय ने



प्रैक्टिस हाल को बदलने के निर्देश दिए। बालिकाओं की बढ़ती संख्या माता बहनों के स्नेह प्रेम को ध्यान में रखते हुए विधायक सुदेश राय ने गरबा प्रशिक्षण के लिए आवासीय खेलकूद मैदान में वॉटरप्रूफ डोम और टेंट लगवाने केनिर्णय लिया। रविवार को माता रानी जगदंबा की विधिवत पूजा अर्चना कर समाज सेविका अरुणा राय विधायक सुदेश राय ने गरबा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। श्रीमती राय ने कह कि माता दुर्गा शक्ति की भक्ति नृत्य के माध्यम से अनादि काल से चली आ रही है। गरबा प्रशिक्षण में सभी माता बहने और बालिकाएं सादर आमंत्रित हैं।

माता रानी की भक्ति से हमें कोई नहीं रोक सकता है। पारिवारिक वातावरण में क्रिसेंट गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। माता के भक्ति गीतों पर बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुती दी जाएगी। करवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार के रूप में बाइक लैपटॉप मोबाइल सहित अन्य उपहार प्रदान किए जाएंगे।

सीवन पुत्र टीम उतरी सीवन की गोद में, कुछ ही घंटों में हजारों की तादाद में पीओपी की प्रतिमाओं के साथ पूजन सामग्री निकाल दी



सीहोर। सीवन घाट पर गणेश विसर्जन पर लोगों ने गणेश जी की प्रतिमाएं विसर्जित की और उनके साथ पूजन सामग्री कुछ ने तो सीवन पुत्र टीम द्वारा रखे गए पात्र में डाली किन्तु कुछ ने आस्था के नाम पर सामग्री को नदी ने डाल दी जिससे नदी का स्वरूप बदला,नदी अस्वच्छ लगने लगी। इसे देखते हुए सीवन टीम सोमवार को सीवन की गोद में उतर गई और देखते ही देखते हज़ारो की तादाद में पीओपी की प्रतिमाएं साथ ही पूजन सामग्री का सामान व कचरा नदी से बाहर निकाल दिया गया जिससे फिर से नदी साफ़ एवं सुथरी दिखने लगी। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि सीवन पुत्र टीम पूरी तरह से नदियों की स्वच्छ ता के लिए समर्पित है। इस अभियान में प्रमुख रूप से राजकुमार सोनी (भूरा), हरिकक्का ठेकेदार, श्याम लाल नाविक, सचिन प्रजापत, कमल नाविक, प्रदीप चावड़ा, लक्ष्मण सिंह चौकसे राहुल ठाकुर, सुरेश भगत, अशोक नामदेव, सचिन मालवीय, दीपक जामोलिया, छोटा सीवन पुत्र की टीम उपस्थित रही।

ब्रह्मपुरी दिगंबर जैन मंदिर से निकली भव्य जल यात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

सीहोर। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, ब्रह्मपुरी में सोमवार को धार्मिक उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ भव्य जल यात्रा निकाली गई, जो गाजे-बाजे के साथ निकली इस जल यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए।

इस अवसर पर भगवान श्री महावीर को विधिवत पालकी में विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पालकी को अपने कंधों पर उठाया और भक्ति भाव के साथ जल यात्रा में सहभागिता की। मंदिर जी में श्री जी को विराजमान कर विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन किया गया।

श्री जी को विराजमान करने का सौभाग्य अनिल कुमार एवं वैभव जैन, बेरछ वाले परिवार को प्राप्त हुआ। चार प्रमुख कलशों से अभिषेक का पुण्यलाभ प्रदीप कुमार एवं कपिल कुमार जैन, पवन कुमार एवं मनोज जैन, जैन पाल एवं आयुष जैन तथा सुनील कुमार आष्टा वालों को प्राप्त हुआ।

वहीं प्रथम शांतिधारा का पुण्यार्जन प्रदीप जैन, कपिल जैन एवं अनमोल जैन, मुस्करा वाले परिवार द्वारा ₹3,131 तथा द्वितीय शांतिधारा का पुण्यार्जन सुमतलाल , दीपक कुमार एवं पीयूष जी, चंदबाड़ वाले परिवार द्वारा ₹5,100 की राशि के साथ किया गया।

कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष अजय कुमार जैन, उपाध्यक्ष देवचंद जैन, वरिष्ठ समाजसेवी जैन पाल, सुनील जैन सराफ, धन्य कुमार जैन पवन जैन (सह जिला मीडिया प्रभारी), बाबूलाल जैन, मनोज जैन,



शिखरचंद जैन, राजेंद्र कुमार जैन, संतोष जैन, श्रीपाल जैन, देवेंद्र जैन, अनिल जैन, राजेश जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, कपिल जैन, अरविंद कुमार जैन, दिलीप कुमार जैन अंकित जैनएवं सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी पुण्यार्जक परिवारों की समाजजनों द्वारा पुण्य तत्पश्चात समितित द्वारा पुरुस्कार वितरण कर अनुमोदना की गई तथा भगवान श्री पार्श्वनाथ जी से सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



सीहोर। भाजपा अध्यक्ष सुशील ताम्रकर के नेतृत्व में वार्ड 18-19 के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। सुशील ताम्रकर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों का भविष्य गढ़ने के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इन्हें जनहितैषी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने वाला सुशासन का सेतु बताया। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड 18-19 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। ताम्रकर ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर लागू करने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भाजपा मंत्री संध्या पंकज मालवीय, पर्यवेक्षक नीलम पटेल, दीप्ति ठाकुर, सुषमा सिंह, सुषमा पाराशर, सरोज राठौर, रेखा सोनी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कन्या शिक्षा परिसर में हुआ हिंदी पखवाड़े का समापन

सीहोर। माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में हिंदी पखवाड़े का गरिमामय समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप मे विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीत गाबा, उप प्रबंधक संदीप मौर्य एवं उप प्राचार्य लोकेश सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में लोकेश, अमित, बलवान, मोहन, राकेश, पुष्पा ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए स्वरचित काव्य पाठ प्रस्तुत किया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत कविताओं में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, राष्ट्रभावना, सामाजिक सरोकार एवं मानवीय संवेदनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। काव्य पाठ ने उपस्थित छात्राओं एवं अतिथियों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, सम्मान एवं गौरव की भावना को बढ़ावा देना था। समारोह के अंत में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का



उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथियों सहित सभी शिक्षक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका पुष्पा एवं शिक्षक अमित दुबे द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार विद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष अमित दुबे द्वारा किया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

जन हितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता : सुदीप प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सभी वार्डों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही पौधरोपण एवं फल वितरण कर उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि ने शहर के अनेक वार्डों में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे, परियोजन अधिकारी भगवती लाल मालवीय, सेक्टर सुपरवाइजर कविता ओझा, कार्यकर्ता



मेघा शर्मा और सहायिका मुस्कान रायकवार, वंदना दुबे के अलावा विभिन्न वार्डों की कार्यकर्ता और सहायिका शामिल थे। कार्यक्रम में भाजपा महिला मंडल की ओर से सीमा परिहार, भाजपा नेत्री सीमा सक्सेना आदि ने यहां पर उपस्थित महिलाओं और बच्चों को उपहार वितरण किए।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शासन की जनहितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके निरंतर प्रयासों से जरूरतमंद हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सीहोर विधायक सुदेश राय के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड 9 में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही पौधरोपण एवं फल वितरण कर उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शासन की जनहितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके निरंतर प्रयासों से जरूरतमंद हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने शासन की



जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सीहोर विधायक सुदेश राय के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अमित नीखरा, पूर्व जिला मंत्री सरोज ठाकुर, शक्ति केंद्र संयोजक राहुल विजयवर्गीय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रिका जादौन, प्रीति तोमर सहित वार्ड की मातृशक्ति एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे उपस्थित रहे।

मंत्री टेटवाल के सहयोग से आईटीआई छात्र का ओमान में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आईटीआई सारंगपुर के छात्र दुर्गेश पिता राजेश कुमार चंद्रवंशी, निवासी ग्राम गुलावताका जिंदल स्टील, ओमान में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ है। दुर्गेश वर्ष 2025 में प्राइवेट आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण पूर्ण किया था। इसके बाद मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के सहयोग एवं मार्गदर्शन से दुर्गेश का भोपाल स्थित ग्लोबल स्किल पार्क में आगे के प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ। यहां प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उसका जिंदल स्टील, ओमान में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। छात्र की इस उपलब्धि से परिवार और कैरियर प्राइवेट आईटीआई में खुशी का माहौल है। संस्था संचालकों ने छात्र को बधाई देते हुए मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सतीश बेस, भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मनोहर सिंह परमार, कैरियर पॉइंट संचालक प्रदीप यदुवंशी, प्रदीप चैहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अनिश्चितकालीन धरने में जिले के अनेक कर्मचारी हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अध्यापक संयुक्त मोर्चा के तहत रविवार से राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना आरंभ हुआ है। उक्त धरना प्रदर्शन में शामिल होने जिले के भी कईं अध्यापकों ने अपनी भागीदारी की। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि टीईटी परीक्षा निरस्त की जाए, इसके साथ ही ऑनलाईन अटेन्डेंस बंद करते हुए सेवाअवधि की गणना में वरिष्ठता बहाली की जाए। प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे मोर्चा पदाधिकारियों में भरत गोयल, प्रकाश शिवहरे, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, सुरेश दागी, कमल सिंह चैहान, एम एल मीणा,विजय सिंह रुहेला, दिनेश शाक्यवार, रामनारायण मालवीय, प्रेमचंद आचार्य, रजोरिया, रफीक खान, राजेश शर्मा, ज्ञान मरावी, राम बाबू भिलाला, गोकुल वर्मा, दुलीचंद भिलाला, पुरुषोत्तम वर्मा, राम सिंह वर्मा, रोड सिंह बंजारा, रामबाबू शर्मा सहित कई शिक्षक शामिल रहे।

शिक्षकों व शिक्षा विभाग के लोकसेवकों के लिए आयोजित किया विशेष शिविर

समाधान शिविरः 9 हजारों शिक्षकों में से महज 54 ने रखी अपनी समस्याएं



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (म.प्र.)
क्रमांक/2825 /शिकायत/2026 राजगढ़, दिनांक: 25-09-2026

प्रति,
1. समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़।
2. समस्त प्राचार्य/संस्था प्रमुख, जिला राजगढ़।

विषय :- दिनांक 27.09.2026 को आयोजित समस्या समाधान शिविर में लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में।

संदर्भ :- संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल का पत्र क्रमांक/स्था.-1/2026/सहा.अधी./2026/1372, भोपाल दिनांक 24.09.2026

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्र के संबंध में जिले के समस्त लोकसेवकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.09.2026 को समस्या समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ में आयोजित होगा। संबंधित पत्र में पेंशन, ग्रेच्युटी/समायोजन सेवानवृत्त, अवकाश तथा विभागीय जांच/निलंबन से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

जिले के किसी भी लोकसेवक की कोई भी विभागीय समस्या लंबित है, तो वह अपनी समस्या के निराकरण हेतु शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। आवेदन में अपनी समस्या का विस्तृत एवं स्पष्ट विवरण अंकित करें तथा समस्या से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करें।

यदि लोकसेवक द्वारा अपनी समस्या के संबंध में पूर्व में किसी भी कार्यालय अथवा किसी भी स्तर पर अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है, तो पूर्व में दिए गए अभ्यावेदन की प्रति तथा उसकी पावती/प्राप्ति की प्रति भी अनिवार्य रूप से साथ लाएं, जिससे पूर्व में की गई कार्यवाही की स्थिति का परीक्षण किया जा सके।

समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्रमुख उक्त सूचना का अपने अधीनस्थ सहायक लोकसेवकों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक संबंधित लोकसेवक को शिविर की जानकारी प्राप्त हो तथा लंबित समस्याओं का समाधानकारक तरीके से निराकरण किया जा सके।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़

पृ. क्रमांक/2826 /शिकायत/2026 राजगढ़, दिनांक: 25-09-2026

प्रतिलिपि :-
श्रीमान लोकसेवक, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला राजगढ़ को सूचनार्थ एवं दिनांक 27.09.2026 को आयोजित समस्या समाधान शिविर का लाभ लेते हुए अपनी लंबित समस्या/प्रकरण के निराकरण हेतु आवेदन एवं आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़

निलंबन से बहाली, अवकाश नकदीकरण आदि से संबंधित आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करने के अक्सर सामने आए रहे मामलों के बीच एक अच्छी खबर भी सामने आई है। रविवार को जिला शिक्षाधिकारी द्वारा आयोजित करवाए गए समस्या समाधान के विशेष शिविर में जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ लगभग 9 हजार शिक्षकों में से सिर्फ 54 शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सम्मुख रखीं। जिला शिक्षाधिकारी सावन पाटीदार ने इन 54 में से 14 शिकायतों का शिविर के दौरान मौके पर ही निराकरण करवा दिया। अधिकतर शिकायतों में निलंबन से बहाली, अर्जित अवकाश नकदीकरण, टेजरी में अटके प्रकरणों, कोर्ट से रिलेटेड मामले शामिल थे।



बर्खास्त शिक्षिका को पुनः किया गया पदस्थ

शिविर के दौरान पीएमश्री स्कूल नरसिंहगढ़ में पदस्थ दृष्टि दिव्यांग शिक्षिका ने अपनी अर्जी लगाई। दरअसल, नियुक्ति के समय उनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 फीसदी था जो बाद में कम हो गया। इसके चलते डीपीआई द्वारा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी। ऐसे में उन्होंने न्यायालय की शरण ली जहां से उन्हें राहत मिलने के बाद भी विभाग द्वारा उन्हें पदस्थ नहीं किया जा रहा था। उक्त समाधान शिविर में उनकी यह शिकायत प्राप्त होने पर जिला शिक्षाधिकारी श्री पाटीदार द्वारा नियमसंगत कार्यवाही करते हुए उन्हें पुनः पदस्थ आदेश प्रदान कर दिया गया।

कोषालय से बार-बार लगाई जा रही थी आपत्तियां

क्रमोन्नति से जुड़े लंबित भुगतान के एक अन्य मामले में कोषालय द्वारा संबंधित शिक्षक के देयकों पर बार-बार आपत्ति लगाकर भिजवाया जा रहा था। शिविर के दौरान आवेदन प्राप्त होने पर विभाग के अधिकारियों ने अनावश्यक आपत्ति को क्लोज करवाते हुए भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

डीपीआई एवं राशिके भिजवाए जा रहे प्रकरण

शिविर के दौरान ही निराकृत किए गए उक्त प्रकरणों के साथ ही अलग-अलग कारणों से हुए अपने निलंबन से पुनः बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों ने शिविर में अपनी अर्जियां लगाईं हैं जिन्हें जांच में लिया गया है। कुछ शिकायतों का निराकरण राजधानी भोपाल स्तर से संभव है ऐसे में उन्हें डीपीआई या राज्य शिक्षा केंद्र भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

अलग-अलग शाखाओं से जुड़े प्रकरण आए सामने

उक्त शिविर में जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय की अलग-अलग शाखाओं से जुड़ी शिकायतें मिली हैं। स्थापना, लेखा, न्यायिक सहित अन्य तरह के मामले इस शिविर में प्राप्त हुए हैं। शिकायतों के निराकरण में डीईओ कार्यालय में पदस्थ प्रदीप चैहान, भूपेंद्र सांकला, अजय जोशी, रितेश सक्सेना, प्रदीप चैहान, राजेश विजयवर्गीय सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

शनिवार से लापता युवक का शव कालीसिंध नदी में मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

कालीसिंध नदी में रविवार सुबह करीब 9 बजे एक युवक का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नदी में शव दिखाई देने की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया।

पुलिस ने आसपास के रहवासियों से पूछताछ कर शव की पहचान के प्रयास किए। बाद में शव की पहचान जयनगर वार्ड 18 निवासी श्याम पिता भागीरथ (40) के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार श्याम शनिवार को कालीसिंध नदी पर नहाने के लिए गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। रविवार सुबह नदी में शव मिलने की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। वार्ड पार्षद भानु लववंशी की मौजूदगी में परिजनों ने शव की पहचान श्याम के रूप में की। परिजनों के अनुसार श्याम कनक श्री होटल में वेटर का काम करता था। बताया गया कि वह पिछले दो दिनों से होटल भी नहीं गया था।

शनिवार को नदी पर जाने के बाद उसके वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे और उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने शव का मौका पंचनामा तैयार कर उसे कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत नदी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी जांच की जा रही है।

20 लाख की अवैध मांग पूरी न होने पर आगजनी करने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ब्यावरा। नातरा व झगड़ा प्रथा के तहत 20 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर आगजनी कर नुकसान पहुंचाने वाले तीन आरोपियों को खिलचीपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन और एसडीओपी डी.वी.एस. नागर के नेतृत्व में की गई।मामले के अनुसार ग्राम चांदपुरा निवासी फरियादी रायसिंह गुर्जर ने 21 अगस्त 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम कचनारिया निवासी कमल सिंह, बलवंत और भगवानसिंह ने गांव के बलवंत से 20 लाख रुपये झगड़े की मांग की थी। यह मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने फरियादी के भूसे और ग्रामीण बनेसिंह के पिंडावड़े में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना और साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कचनारिया निवासी तीनों आरोपी भाइयोंकमल सिंह गुर्जर (26 वर्ष), बलवन्त गुर्जर (22 वर्ष) और भगवानसिंह गुर्जर (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट मिलने पर तीनों को जिला जेल राजगढ़ भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में खिलचीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलसिंह गेहलोत, उपनिरीक्षक सरिता मिश्रा, आरक्षक अनारसिंह धाकड़ और आरक्षक भानू प्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



चोरी और गृह-अतिचार मामले में तीन दोषियों को सात-सात साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यवसायी पुरुषोत्तम दंडवानी और गोकुल दंडवानी के निवास पर हुई चोरी और गृह-अतिचार के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह की अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। मामले में पुलिस की त्वरित विवेचना और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के बाद फैसला आया। जानकारी के अनुसार घटना थाना सारंगपुर क्षेत्र की है। रात के समय आरोपी दंडवानी के घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान घर के युवकों के साथ मारपीट भी हुई थी, जिसमें वे घायल हुए थे। प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर हुई वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलने पर तत्कालीन पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने अपराध क्रमांक 763/25 दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की और विवेचना के बाद न्यायालय में चालान पेश किया।



तीनों आरोपियों को हुई सजा

मामले में साहिल पिता समरथ मोंगिया, समरथ पिता मुकद्दर पारदी और मुकद्दर पिता अर्जुन पारदी, तीनों निवासी पारदी चक, ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा, जिला गुना को दोषी पाया गया। न्यायालयीन विचारण के दौरान भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 312 एवं 331(6) के तहत प्रकरण चला। धारा 312 बीएनएस के अपराध में दोष सिद्ध होने पर तीनों को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्य अभियुक्त साहिल पर 6,500 रुपए तथा समरथ और मुकद्दर पर 5,500-5,500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। अर्थदंड नहीं चुकाने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामले में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी बृज किशोर चैहान ने पैरवी की। अभियोजन ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, पुलिस विवेचना और जब्त सामग्री सहित अन्य साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए।

सहकार भारती का अभ्यास शिविर संपन्न

प्रदेश उपाध्यक्ष बोले, अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाएंगे सहकारिता का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के मार्केटिंग सोसायटी परिसर में रविवार को मध्यप्रदेश सहकार भारती का अभ्यास शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, सहकार भारती प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार, प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जलछत्री, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष आशा सेंगर और जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि सहकार भारती के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सेवा और जनकल्याण का कार्य पहुंच रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए सेवा भाव से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सहकार भारती के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की।

वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार ने कहा कि सहकार भारती अब ग्रामीण क्षेत्रों में उतरकर संगठन को और अधिक मजबूत करेगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सहकारिता से जोड़कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने अभ्यास शिविर के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और विस्तार की जानकारी भी दी।संचालन मोहित चैरसिया तथा आभार आयोजक एवं विपणन प्रकोष्ठ प्रांत प्रमुख सुरेश शर्मा ने माना। इस अवसर पर नर्मदापुरम के विभाग प्रमुख प्रत्यश इंगले सहित विभिन्न सहकारी समितियों के अध्यक्ष, प्रबंधक, कर्मचारी एवं सहकार भारती के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथ क्रमांक 295 पर विधायक मोहन शर्मा ने सुनी 'मन की बात'



कुरावर। रविवार को बूथ क्रमांक 295 पर विधायक मोहन शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 138वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय और जनकल्याणकारी विषयों पर देशवासियों से संवाद किया। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता और गांधीजी के विचारों को स्मरण करने, जंगलों को तैयार करने एवं प्रकृति का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नशामुक्ति अभियान, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा पंजाब के राजेंद्र सिंह सहित खेल क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं का उल्लेख किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, व्यापारी राधेश्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्यनारायण माहेश्वरी, गौरव सिंघी, विनोद गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

पीलूखेड़ी स्थित हम्बल काउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में खाद्य सुरक्षा की जांच कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज, कुरावर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा संभागीय उड़न दस्ते के गठन संबंधी आदेश के पालन में संभागीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा कुरावर-पीलूखेड़ी स्थित हम्बल काउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण एवं जांच कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान के मैनेजर महेश लोधी की उपस्थिति में संपूर्ण निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में दही, पनीर, मावा एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण, पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई। परिसर में उपयोग हेतु मैक्सी फ्रेश स्किम्ड मिल्क पाउडर की 25 किलोग्राम क्षमता वाली एक बोरी पाई गई। प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि द्वारा उक्त उत्पाद का बाजार मूल्य लगभग 7,500 रुपए प्रति बोरी बताया गया।



जांच के दौरान उक्त स्किम्ड मिल्क पाउडर की बोरी पर बैच नंबर, पैकिंग दिनांक, निर्माण इकाई का नाम-पता एवं अन्य आवश्यक लेबलिंग संबंधी विवरण अंकित नहीं पाए गए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मानकों की जांच हेतु संभागीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम द्वारा मैक्सी फ्रेश स्किम्ड मिल्क पाउडर की लगभग 23 किलोग्राम मात्रा, पनीर एवं मावा के नमूने नियमानुसार जांच हेतु लिए गए। लिए गए नमूनों को अधिकृत खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा तथा प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कोल्ड स्टोरेज में खाद्य पदार्थों का उचित संधारण पाया गया। परिसर में साफ-सफाई एवं पेस्ट कंट्रोल की व्यवस्था भी पाई गई। पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय संबंधी गतिविधियां संचालित होना पाया गया।

31 शस्त्र लाइसेंसधारियों की छिन सकती हैं बंदूकें, दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज, राजगढ़। जिले में विद्युत विभाग के लंबित बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 31 शस्त्र लाइसेंसधारियों को जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में हिदायत दी गई है कि यदि नोटिस मिलने के 3 दिवस में बिजली विभाग की बकाया राशि जमा नहीं की तो उनके लायसेंस रद्ध कर दिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना पत्र में संबंधित शस्त्र लाइसेंसधारियों को अवगत कराया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा उनके विद्युत देयकों के भुगतान नहीं किए जाने की जानकारी दी गई है। साथ ही, जिले में लंबित विद्युत देयकों की वसूली के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। वसूली के दौरान शस्त्रधारियों द्वारा लड़ाई-झगड़ा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए संबंधितों को नोटिस जारी किए गए हैं। जारी सूचना पत्र के माध्यम से संबंधित शस्त्र लाइसेंसधारियों को निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर संबंधित विद्युत विभाग का बकाया देयक जमा कर उसकी रसीद प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में विद्युत देयक जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर शस्त्र थाने में जमा कराने की कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नृत्य करते गए

नन्हे बच्चों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

गणेश उत्सव के समापन अवसर पर श्री गणेश प्रतिमा का श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ विसर्जन किया गया।पूरे मार्ग में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए भगवान श्री गणेश को विदाई दी। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।विसर्जन स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की आरती की गई और नम आंखों से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जहां पर नन्हे बच्चों में पूरब शर्मा,आरव गुप्ता,अनुराग सरावत ,अक्षय टेलर,सिद्धार्थ टेलर,वैदिक गुप्ता,प्रभव चैरसिया,कार्तिक मालवीय,नकुल गुप्ता ,यश गुप्ता,यश पुष्पद,पर्व शर्मा,बाबू,गणेश गुप्ता,कार्तिक गुप्ता,तनु गुप्ता,राधिका गुप्ता, परी शर्मा, शिवाय गुप्ता ,दर्शिका गुप्ता,पिहू गुप्ता आदि बच्चे उपस्थित रहे।

मेघवाल समाज ने निकाला अखाड़ा

श्री गणेश उत्सव समिति मेघवाल समाज गांधी बस्ती पीपल्दा रोड द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर श्री गणेश विसर्जन चल समारोह का जुलूस निकाला गया।जिसमें मेघवाल समाज अखाड़ा के कलाकारों द्वारा अनेकों हेरत अंगेज करतब दिखाए गए।मेघवाल समाज के नवयुवकों एवं वरिष्ठ जनों ने बड़ चढ़कर भाग लिया।

नगर के गुर्जर मोहल्ला में शिव महापुराण में शिव पार्वती विवाह कथा श्रवण करवाई



जीरापुर। नगर के गुर्जर मोहल्ला में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के चैथे दिवस कथा प्रवक्ता मालवा माटी के संत पं. सज्जन जी शर्मा ने शिव पार्वती विवाह प्रसंग का बहुत ही मार्मिक एवं रोचक वर्णन सुनाया। शिवजी भोले है जो अपनी बारात को भी भोले भाले तरीके से ही श्रंगारित करके ले गए थे। कथा में सती चरित्र, पार्वती जन्म, उनकी कठोर तपस्या और सप्त ऋषियों द्वारा परीक्षा का प्रसंग सुनाया गया। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म संस्कार और पारिवारिक जीवन की महत्वपूर्ण जानकारी दी।जैसे ही शिव-पार्वती विवाह का भव्य प्रसंग आया और शिव बारात निकली, पूरा पांडाल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने कहा - शिव वैराग्य के प्रतीक हैं तो पार्वती श्रद्धा की, श्रद्धा और विश्वास मिले तभी शिवत्व आता है।यजमानों द्वारा शिव-पार्वती का पुजन कर कन्यादान किया, इसके बाद महाआरती हुई। भगवान शिव के भजनों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु जमकर थिरके।आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनवास। समीपस्थ गांव भंवास में रविवार सुबह करीब 6 बजे एक दुखद घटना सामने आई। भंवास निवासी ब्रजमोहन पिता सुंदरलाल लववंशी ने अपने घर पर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार सुबह घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर कार्रवाई की।थाना मालावर से दीपक व्यास द्वारा बताया गया कि मर्ग कायम कर लिया गया है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

दुकान से 9 क्विंटल लहसुन चोरी

खुजनेर। शहर में शनिवार रविवार की मध्य रात्रि को पंचमुखी हनुमान मंदिर कोडिया जरगर स्थित एक फुटकर व्यापारी के यहां से लहसुन चोरी हो गई। दुकान से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा करीब 9 क्विंटल लहसुन चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी दुकानदार को रविवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे जब पता चला। मामले में खुजनेर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस में दर्ज रिपोर्ट अनुसार मोहम्मद वारिस खां निवासी वार्ड क्रमांक 06, इस्लामपुरा द्वारा कोडिया जगर रोड स्थित रामप्रसाद वर्मा की दुकान, वार्ड क्रमांक 02 में लहसुन फुटकर खरीदने का कारोबार करते हैं। दुकान से 18 कट्टी लहसुन और 36 कैरेट लहसुन चोरी हो गया। जिसका कुल अनुमानित वजन करीब 9 क्विंटल बताया गया है।

खबर संक्षेप



बलाई समाज की उप जातियों का चिंतन शिविर आयोजित

सीहोर। मध्य प्रदेश में मालवा क्षेत्र का प्रवेश द्वार कहा जाने वाले सीहोर जिले की जावर जोड़ स्थित होटल देवगंगा में बलाई समाज की सभी उपजातियों के युवा सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी, आईएएस, आईपीएस, वकील, डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर, एवं टॉपर विद्यार्थियों का सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व प्रशासनिक हिस्सेदारी विषय पर संविधान को समर्पित एक दिवसीय चिंतन शिविर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन उद्बोधन आरपी सोलंकी साहब रिटायर्ड जिला न्यायाधीश देवास ने किया। और मुख्य अतिथि के रूप में नेमीचंद नागराज रिटायर्ड प्रधान न्यायाधीश व सदस्य मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, माननीय बिहारी लाल मालवीय पूर्व चीफ मैनेजर यूनियन बैंक इंडिया एवं बैंक एसोसिएशन अध्यक्ष म प्र,छ,आर एस बालोदिया कलेक्टर इंदौर, गणेश कला पत्रकार टोंक राजस्थान, शांतिलाल मालवीय अध्यक्ष बोसवा संगठन,जोरावर सिंह दुदी, डॉ. एनएल परमाल, प्रो.देवी सिंह मालवी अध्यक्ष नवचेतना समिति सीहोर, प्रो. सौदान सिंह डालमिया रहे। कार्यक्रम में विशेष मेहमान संतोष चौहान कॉलोनाइजर, गौवान साहब इंदौर,डॉ. एके सोलंकी रामकिशन मालवी राजगढ़ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत से पूर्व बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की तस्वीर प्रदीप प्रज्वलित किया गया। और आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने विषय पर उद्बोधन देना शुरू किया जिसमें सभी अतिथियों में यही कहा कि हम एक जाति की उपजातियां को जोड़ने का जो प्रयास कर रहे हैं। वह बाबा साहब के मंसूबे का ही हिस्सा है उपजाति इस प्रकार एक दूसरे से अलग है जैसे एक जाति दूसरी जाति से वक्ताओं ने यह भी कहा की एक जाति का कार्यक्रम करना यह सिद्ध नहीं करता कि हम हमारे वर्गी की बाकी जातियों से अलग होना चाहते हैं।

ग्राम अमाझिर में आत्मा योजनांतर्गत कृषक संगोष्ठी आयोजित

फसल विविधीकरण और कृषि उपज के मूल्य संवर्धन की दी गई जानकारी

जैविक कीटनाशक एवं जैविक दवाओं के निर्माण की विधियों के साथ जलवायु अनुकूल एवं सहनशील फसल किस्मों के चयन तथा पौध संरक्षण उपायों की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आत्मा योजना के अंतर्गत ग्राम अमाझिर में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान से जुड़े अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने किसानों को आगामी रबी मौसम की तैयारियों, फसल प्रबंधन, पौध संरक्षण तथा कृषि उपज के बेहतर प्रबंधन के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि ए.के. उपाध्याय, परियोजना संचालक आत्मा रणजीत सिंह पटेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक लुधियाना डॉ. चंदन सोलंकी एवं वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) दीपक कुशवाहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

उपसंचालक कृषि शए.के. उपाध्याय ने किसानों से चर्चा करते हुए आगामी रबी मौसम में कम पानी में अधिक उत्पादन एवं लाभ देने वाली फसलों, जैसे चना, मटर, मसूर एवं सरसों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने फसल विविधीकरण, उपलब्ध सिंचाई जल के समुचित उपयोग तथा कृषि उपज के बेहतर प्रबंधन पर भी मार्गदर्शन दिया। परियोजना संचालक आत्मा रणजीत सिंह पटेल ने स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा कीट-रोगों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर नियंत्रण करने पर जोर दिया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. चंदन सोलंकी ने खेत स्तर पर कृषि उपज के प्राथमिक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उचित ग्रेडिंग, पैकेजिंग एवं भंडारण के माध्यम से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार मूल्य बढ़ाया जा सकता है। वैज्ञानिक दीपक कुशवाहा ने जैविक कीटनाशक एवं जैविक दवाओं के निर्माण की विधियों के साथ जलवायु अनुकूल एवं सहनशील फसल किस्मों के चयन तथा पौध संरक्षण उपायों की जानकारी दी।

बीटीएम संदीप कुमार ने रबी फसलों की तैयारी के संबंध में खेत की तैयारी, गुणवत्तापूर्ण बीज का चयन, बीजोपचार, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं समय पर बुवाई के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के अंतर्गत बीजामृत से बीज उपचार की विधि एवं उसके लाभ भी बताए। संगोष्ठी में उद्यान विकास अधिकारी भारती पाटिल, एटीएम रोशनी शर्मा, एईओ दीपिका नगर सहित क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संदीप कुमार ने सभी उपस्थित अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शैक्षणिक भ्रमण: देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भरी ज्ञान और रोमांच की उड़ान



आष्टा। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा के 46 विद्यार्थियों का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सोमवार को उत्साह, उमंग, जिज्ञासा और रोमांच के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यार्थियों का दल मुंबई, महाबलेश्वर एवं इमैजिका थीम पार्क के भ्रमण के लिए रवाना हुआ। वाइस प्रिंसिपल अजय शर्मा के नेतृत्व में दल आष्टा से बस द्वारा भोपाल पहुंचा, जहां से आगे की यात्रा रेलगाड़ी द्वारा प्रारंभ की गई।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना है। पुणे का नगरीय जीवन, महाबलेश्वर की प्राकृतिक एवं भौगोलिक विशेषताओं तथा इमैजिका थीम पार्क के अनुभव विद्यार्थियों के लिए सीखने और मनोरंजन का विशेष अवसर प्रदान करेंगे। विद्यालय का मानना है कि कक्षा के बाहर प्राप्त अनुभव सीखने को अधिक प्रभावी एवं स्थायी बनाते हैं। इस यात्रा के माध्यम से विद्यार्थी ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने के साथ अपने ज्ञान और आत्मविश्वास को भी समृद्ध करेंगे।

यात्रा के प्रारंभ होते ही विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नई जगहों को देखने और कुछ नया सीखने की जिज्ञासा के साथ विद्यार्थियों ने यात्रा का आनंद लेना शुरू किया। उन्हें यात्रा के दौरान अनुशासन, सुरक्षा, समयबद्धता एवं आपसी सहयोग का पालन करने तथा प्रत्येक अनुभव से सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

निदेशक पायल अली ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षणिक यात्राएँ विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से बाहर निकलकर विभिन्न स्थानों, संस्कृतियों और प्राकृतिक परिवेश को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करती हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को यात्रा के दौरान नई जानकारियाँ प्राप्त करने, जिज्ञासा बनाए रखने और अपने अनुभवों को ज्ञान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के निदेशक ध्रुव कुमार तिवारी, सैयद परवेज़ अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा एवं सैयद आदिल अली ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मोहित सोनी बने दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष, समाज ने किया स्वागत





आष्टा। नगर में आगामी विजयदशमी पर्व एवं दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इस दौरान मानस भवन में हिन्दू समाज ने बैठक आयोजित की। जिसमें शहर के मोहित सोनी को सर्वसम्मति से दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया। ऐसे में नवनियुक्त दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष मोहित सोनी का सकल हिंदू समाज ने स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद के कार्यालय पर भी हर्षोल्लास के साथ मोहित सोनी का स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ मोहित सोनी का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। वहीं विधायक कार्यालय पर विधायक गोपाल इंजिनियर ने भी मोहित सोनी का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया।

इस मोके पर सकल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती, प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा,एवं बीएस वर्मा एडवोकेट,दिनेश सोनी, गोविन्द सोनी,जगदीश कुशवाहा ने भी उनका स्वागत किया। दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष बनने के बाद मोहित सोनी ने समाज जनों का आभार जताया वही कहा की समाज को मिलकर भव्यता के साथ धूमधाम से ऐतिहासिक दशहरा पर्व मनाना है जिसमें हिन्दू समाज को मिलकर सहयोग करना है। मोहित सोनी को बधाई देने वालों में मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, राजीव गुप्ता, संजय वर्मा, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, मोंटू कौरी, रमेश मालवीय, अचल किरार, सुधीर महलवार, रवि कुशवाहा, मनोहर वैरागी, विशेष सहयोगी मुकेश आर्य, महेश राठी, देवकरण मालवीय थे। इस दौरान सकल हिंदू समाज की ओर से दशहरा उत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहित सोनी को सफल एवं भव्य धार्मिक दशहरा उत्सव तथा विजयदशमी चल समारोह के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

सरस्वती शिशु मंदिर दरखेड़ा में नमामि भारतम वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर दरखेड़ा में शुक्रवार को 11 बजे एक समय एक लय एक स्वर के साथ वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रणव अक्षर ओम व भारत माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ। मुख्य वक्ता विजेंद्र सिंह ठाकुर मेहतवाड़ा धर्म जागरण सह संयोजक राजगढ़ विभाग के द्वारा वंदे मातरम गीत तथा राष्ट्रीय भक्ति पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्षता जगन्नाथ सिंह ठाकुर विद्यालय संयोजक ने की। विशेष अतिथि महंत गंगाराम महाराज, इंदर सिंह, ज्ञान सिंह, चंदर सिंह रहे कार्यक्रम में भैया बहन पूर्व छात्र छात्राएं ग्राम के गणमान्य जन युवाजन उपस्थित रहे। संचालन आचार्य इंदर सिंह ठाकुर ने किया। आभार प्रधानाचार्य बलवान सिंह ठाकुर ने माना मीडिया प्रभारी नीतू ठाकुर रही कार्यक्रम में बुलबुल सैन्धव, मनीषा सैन्धव व अष्टम की बहनों का विशेष सहयोग रहा।

जिला स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में समूह लोकगीत विधा में मार्टिनेट के विद्यार्थियों नें बिखेरे सुरों के रंग



आष्टा। कला का जीवन में विशेष महत्व है, कला ही जीवन को निखारती है जिससे जीवन में उत्साह और उमंग का संचार होता है तथा कला के क्षेत्र में गीत - संगीत को श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त है। संगीत को आत्मा की आवाज भी कहा जाता है। कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष शासन द्वारा बालरंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह एक राज्य स्तरीय आयोजन होता है जिसमें विद्यालय स्तर पर चुने जाने के बाद तहसील स्तर, जिला स्तर और जिला स्तर पर चुने जाने के बाद राज्य स्तर पर प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाता है। विद्यालय स्तर पर चुने जाने के बाद समूह लोकगीत विधा में मार्टिनेट के विद्यार्थी तहसील स्तर पर चुने गये और जिला स्तर पर अपनी प्रस्तुति देने पहुंचे। चयनित विद्यार्थियों में माही महेश्वरी, तनूजा वर्मा, ग्रंथ मेवाड़ा, देवांशी शर्मा, माही शर्मा एवं आरवी महेश्वरी ने प्रभारी शिक्षिका रचना ठाकुर एवं कु. मुस्कान वर्मा के नेतृत्व में उत्कृष्ट विद्यालय, सीहोर में अपनी प्रस्तुति दी। समूह लोकगीत में जिला स्तर पर कुल 5 विद्यालय के प्रतियोगी शामिल हुए, जिसमें नोशे खान द्वारा संचालित एवं विनीत कुमार त्रिवेदी के प्रबंधन में नगर के अलीपुर क्षेत्र के विद्यालय मार्टिनेट कॉन्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रभारी शिक्षिकाओ एवं संगीत शिक्षक शाश्वत यादव के नेतृत्व में अपने समूह लोकगीत की प्रस्तुति दी जिसके बोल थे "म्हारो पियरलो घणो प्यारो लागे" जिसे सभी ने बहुत सराहा। जब सभी प्रतियोगियो में विजेताओ को चुनने का समय आया तब जज महोदय नें अपना निर्णय सुनाते हुये मार्टिनेट विद्यालय के समूह लोकगीत को जिला स्तर पर द्वितिय स्थान प्रदान किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के संचालक एवं प्रबंधक महोदय के साथ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रीति त्रिवेदी, उप-प्राचार्या श्रीमती शिखा तिवारी एवं प्रबंधक मण्डल से रेखा शर्मा, अतुल जैन सुराणा, कुशल भूतिया, राखी यादव एवं रचना ठाकुर नें बधाई प्रेषित की और विद्यार्थियों का उत्साहर्धन करते हुये आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा प्रदान की।

शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में एबीवीपी आष्टा ने मनाई शहीद भगत सिंह की जयंती



आष्टा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में महान क्रांतिकारी एवं देश के वीर सपूत शहीद भगत सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने शहीद भगत सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में नगर मंत्री दीपक जैन ने शहीद भगत सिंह के जीवन एवं उनके संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह ने छोटी उम्र में ही देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनका साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह जी का जीवन हमें देशहित, राष्ट्रभक्ति और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर एबीवीपी के कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेंद्र सर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

54 मोतियाबिंद रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित

सिविल अस्पताल में नि:शुल्क नेत्र शिविर में 385 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य व नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को सिविल अस्पताल आष्टा में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर के कुशल मार्गदर्शन में सद्गुरु सेवा समिति, आनंदपुर के विशेष सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में सुबह से ही मरीजों का तांता लगा रहा और सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

चयनित मरीजों को ऑपरेशन व उपचार के लिए आनंदपुर रवाना किया

नेत्र विभाग प्रमुख सुरेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान 385 मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। आधुनिक उपकरणों की मदद से की गई जांच के दौरान 54 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिनमें 28 महिलाएं और 26 पुरुष शामिल हैं। इन सभी चयनित मरीजों को सद्गुरु सेवा समिति, आनंदपुर के वाहन द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन एवं उपचार के लिए आनंदपुर रवाना किया गया।

निःशुल्क चश्मे और दवाइयों का हुआ वितरण

शिविर में केवल मोतियाबिंद जांच ही नहीं, बल्कि सामान्य दृष्टि दोष से पीड़ित 48 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। इसके साथ ही आंखों में इंफेक्शन, जलन व अन्य समस्याओं से ग्रस्त 45 मरीजों को आवश्यक दवाइयां मुफ़्त वितरित की गईं। मरीजों की आंखों का परीक्षण सुरेश सेन और रवि गोस्वामी द्वारा पूरी निष्ठा एवं सजगता के साथ किया गया।

मरीजों को ऑपरेशन के बाद आंखों की सही देखभाल की दी सलाह

इस अवसर पर नेत्र विभाग प्रमुख सुरेश सेन ने मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जा रहे मरीजों को परामर्श दिया। उन्होंने ऑपरेशन के उपरांत आंखों की सही देखभाल, धूल-धुएं से बचाव और स्वच्छता बनाए रखने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने मरीजों से विशेष अपील करते हुए कहा कि ऑपरेशन सफल होने के बाद पुनः अपनी आंखों के फॉलो-अप चेकअप के लिए एक बार सिविल अस्पताल आष्टा जरूर आएं, ताकि आंखों की स्थिति का सटीक आंकलन किया जा सके।

शिविर में समिति और अस्पताल स्टाफ का रहा सराहनीय योगदान

नेत्र शिविर के निर्विघ्न एवं सफल संचालन में सद्गुरु सेवा समिति आनंदपुर से आई टीम का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। वहीं व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने में अस्पताल प्रबंधक जितेंद्र वर्मा, चेतन पाठक, तेजसिंह ठाकुर एवं सिविल अस्पताल आष्टा के समस्त स्टाफ ने अपनी अहम भूमिका निभाई। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी शिविर आयोजित करने की बात कही।

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्राम पंचायत बिलकिसगंज में तीन दिवसीय पराली प्रबंधन कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में अभ्युदय फाउंडेशन, भोपाल द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यशाला के तीसरे और अंतिम दिन प्रतिभागी व स्व सहायत समूहों के सदस्यों को आधुनिक तकनीकों से उपयोगी वस्तु निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

सत्र के दौरान मुख्य वक्ता डॉ राघवेंद्र खेड़ले ने किसानों और ग्रामीणों को धान एवं सोयाबीन की पराली तथा खेती के अन्य अपशिष्ट (कचरे) से दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली बेहतरीन वस्तुएं बनाने का लाइव प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पराली के सही इस्तेमाल से दोने-पत्तल, कपबोर्ड पेस्टैंड, पेकेजिंग बॉक्स इत्यादि उपयोगी सामग्री बनाने के गुर सिखाए। साथ ही उन्होंने पराली को बिना जलाए खेत में ही खपाने के लिए पूसा डीकंपोजर और आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी भी दी। इस रोजगार उन्मुखी बहुमुखी कार्यशाला से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ समझने में मदद मिली है। कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने के इस हुनर से क्षेत्र में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और समूह आत्मनिर्भर बनेंगे। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि श्री प्रदीप मेवाड़ा ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं किसानों किसानों का अभिवादन करते हुए सरकारी योजनाओं और डिजिटल कृषि सेवाओं की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि कृषि अवशिष्ट प्रबंधन हेतु सरकार लघु उद्योग लगाने हेतु 65 प्रतिशत सब्सिडी पर किसी भी राष्ट्रीयकरण बैंक से वित्तीय सहायता प्रदान करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु स्व सहायता समूहों को इतना बेहतरीन प्रशिक्षण देने और इस कार्यशाला के आयोजन के लिए एमपीएससीएसटी एवं अभ्युदय समिति का सहृदय आभार व अभिवादन व्यक्त किया। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं पराली नहीं जलाएंगे और अपने गांवों में अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र से अर्जुन मेवाड़ा, सुनील मेवाड़ा, जुझार सिंह, लक्की हाड़ा, वंश मेवाड़ा, अनिकेश वर्मा, दीपक शर्मा अमित, राकेश वर्मा, राजा, अनुज, दीपेश विश्वकर्मा, नकुल सेन एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।